


सांध्य दैनिक
4PM
जिद...सच की
मूल्य ₹ 3/-
www.4pm.co.in | www.facebook.com/4pmnewsnetwork | @Editor_Sanjay | YouTube @4pm NEWS NETWORK
● वर्षः 10 ● अंकः 242 ● पृष्ठः 8 ● लखनऊ, मंगलवार, 8 अक्टूबर, 2024



यदि आपका प्रिय सौ बार भी रूठे, तो भी रूठे हुए प्रिय को मनाना चाहिए,क्योंकि यदि मोतियों की माला टूट जाए तो उन मोतियों को बार-बार धागे में पिरो लेना चाहिए। -रहीम दास

मेघचंद्र को ईडी के समन से... 7 | चुनावी झटकों के बाद विपक्षी निशाने... 3 | चुनाव आयोग का उल्लंघन करने... 2

# जम्मू-कश्मीर में लहराया इंडिया गठबंधन का परचम

## हरियाणा में बीजेपी हैट्रिक की ओर, कांग्रेस करीब आकर चूकी

**» सीएम नायब सैनी जीते जुलाना में जीतीं विनेश फोगाट, भूपिंदर हुड्डा जीते अनिल विज को बढ़त, उमर अब्दुल्ला की जीत**

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए वोटों की गिनती जारी है। शुरुआती रुझानों में हरियाणा में भाजपा ने बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है। इस तरह हरियाणा में भाजपा की हैट्रिक लगने की उम्मीद बन गई है। वहीं जम्मू कश्मीर में कांग्रेस गठबंधन आगे चल रहा है। दोनों राज्यों के चुनाव नतीजों पर इसलिए भी नजर है क्योंकि ये नतीजे आगामी राज्यों के चुनाव पर भी असर डाल सकते हैं। जम्मू कश्मीर में 90 सीटों के लिए तीन फेज में वोटिंग हुई थी।

वहीं हरियाणा में सिर्फ एक फेज यानी 5 अक्तूबर को मतदान हुआ था। वहीं जम्मू-कश्मीर में 10 साल बाद विधानसभा चुनाव हुए हैं। विधानसभा चुनाव के नतीजों के लिए मतगणना शुरू हो चुकी है। मतगणना के लिए काउटिंग सेंटर्स के बाहर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। शुरुआती रुझानों में नेकां-कांग्रेस के गठबंधन को बढ़त मिलती दिख रही है। जम्मू-कश्मीर की 90 विधानसभा सीटों पर कुल तीन चरणों में मतदान कराए गए थे। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल पांच विधायकों को नामित करेंगे। 5 विधायकों के नामित होने पर यह संख्या बढ़कर 95 हो जाएगी। तीन चरणों में हुए विधानसभा चुनाव में बीजेपी, कांग्रेस-नेकां, पीडीपी सहित कई राजनीतिक दलों में दिलचस्प मुकाबला देखने को मिला। आज निर्णय हो जाएगा कि जम्मू-कश्मीर में धारा-370 हटने के बाद कौन सी पार्टी सरकार बनाएगी। हालांकि एग्जिट पोल की मानें तो नेकां-कांग्रेस के गठबंधन को राज्य में सबसे ज्यादा सीटें मिलने की संभावना है। उधर हरियाणा में मतो की गिनती में देरी और डाटा अपडेट में देरी का आरोप लगाता हुए कांग्रेस चुनाव आयोग पहुंच चुकी है। कांग्रेस महासचिव संचार प्रभारी, जयराम रमेश ने चुनाव आयोग को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें अनुरोध किया गया कि वह अपने अधिकारियों को वेबसाइट को सच्चे और सटीक आंकड़ों के साथ अपडेट करने के लिए तत्काल निर्देश जारी करें ताकि झूठी खबरों और दुर्भावनापूर्ण आख्यानों का तुरंत मुकाबला किया जा सके।







### उमर बनेंगे मुख्यमंत्री : फारूक

नेशनल कान्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि उमर अब्दुल्ला मुख्यमंत्री बनेंगे। इससे पहले एनसी प्रमुख फारूख अब्दुल्ला ने श्रीनगर में अपने आवास पर अपने समर्थकों का अभिवादन स्वीकार किया। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार जेकेएनसी-कांग्रेस गठबंधन ने जम्मू कश्मीर चुनाव 2024 में बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है। कांग्रेस के साथ पार्टी के गठबंधन को बढ़त मिलने पर श्रीनगर में छ्ष्टयहृष्ट कार्यकर्ता जश्न मना रहे हैं। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार एनसी ने 2 सीटें जीती हैं और अब तक 41 पर आगे है, जबकि कांग्रेस 7 सीटों पर आगे चल रही है।













### डाटा अपलोड नहीं कर रहा चुनाव आयोग : जयराम



जयराम रमेश ने एक्स पर लिखा कि लोक सभा नतीजों की तरह हरियाणा में भी चुनावी रुझानों को जानबूझकर चुनाव आयोग की वेबसाइट पर धीमे धीमे शेयर किया जा रहा है। क्या भाजपा प्रशासन पर दबाव बनाने की चेष्टा कर रही है? कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार गिनती किए गए राउंड की वास्तविक संख्या और टेलीविजन पर दिखाए जा रहे राउंड की संख्या में अंतर है। ईसी डेटा पीछे चल रहा है, वे अभी भी चौथा या पांचवां पाया गया डेटा दिखा रहे हैं जबकि 11 राउंड की गिनती हो चुकी है। हमारे महासचिव संचार ने चुनाव आयोग को ट्वीट कर पूछा है- डेटा के प्रदर्शन और अपलोडिंग में देरी करके स्थानीय प्रशासन पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं। जम्मू-कश्मीर में आपको हर राउंड की गिनती के साथ लाइव डेटा मिल रहा है लेकिन हरियाणा में ऐसा नहीं है। वहीं चुनाव आयोग ने कांग्रेस के आरोपों को नकार दिया है। आयोग ने कहा कि मतगणना पारदर्शी तरीके से हो रहीं।





### जेजेपी का नहीं खुला खाता



पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला और उनकी पार्टी जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) का बुरा हाल है। उचाना कलां से चुनाव लड़ रहे दुष्यंत करीब 23 हजार से भी ज्यादा वोटों से पीछे है। उनको तीन निर्दलीय उम्मीदवारों से भी कम वोट मिले हैं। जननायक जनता पार्टी 2019 के विधानसभा चुनाव में 10 सीटें जीती थी लेकिन इस बार के चुनाव में हालत इतने बुरे हैं कि जेजेपी को एक भी सीट मिलते नहीं दिख रहा है। दुष्यंत चौटाला की जननायक जनता पार्टी का इस बार उत्तर प्रदेश के नगीना से सांसद चंद्रशेखर की पार्टी से गठबंधन था। साल 2019 के चुनाव में जजपा 10 सीटें जीतकर हरियाणा में किंगमेकर बनी थी। माना जा रहा है कि पिछले चुनाव के बाद भाजपा से गठबंधन करने पर जाट मतदाता दुष्यंत चौटाला से नाराज थे। कयास लगाए जा रहे हैं कि इसी कारण जजपा इस विधानसभा चुनाव में सभी सीटों पर पिछड़ती दिख रही है।

### चुनाव परिणाम

सायं 4 बजे तक के रुझान

**हरियाणा**

| | |
|---|---|
| भाजपा | 49 |
| कांग्रेस | 36 |
| आईएनएलडी | 02 |
| अन्य | 03 |

**जम्मू-कश्मीर**

| | |
|---|---|
| एनसी-कांग्रेस | 49 |
| भाजपा | 29 |
| पीडीपी | 03 |
| अन्य | 09 |

### हारते ही चुनाव आयोग पर उंगली उठाने लगी कांग्रेस : सुधांशु

भाजपा ने इसको लेकर पलटवार किया है। बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि अगर जयराम रमेश ने अभी से यह कहना शुरू कर दिया है और चुनाव आयोग पर उंगली उठानी शुरू कर दी है तो हमें समझ लेना चाहिए कि उन्होंने अपनी हार स्वीकार कर ली है। उन्होंने कहा कि जो रुझान चल रहे हैं, उससे मुझे लगता है कि हम एक अहम जीत की ओर बढ़ रहे हैं और कांग्रेस ने अपनी भावी हार के लिए एहतियाती कदम उठाने शुरू कर दिए हैं।



# चुनाव आयोग का उल्लंघन करने वालों पर दर्ज करें मुकदमा : सोरेन

## सीएम का अफसरों को निर्देश, भाजपा ने उठाई आपत्ति

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

रांची। झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन सभी उपायुक्त को सख्त निर्देश जारी किए। उन्होंने निर्देशों में कहा कि भारतीय चुनाव आयोग के नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ मामले दर्ज करें। उनके यह निर्देश भाजपा की गोगो दीदी योजना की घोषणा के बाद आए। सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा ने आरोप लगाया कि भाजपा योजना को लेकर महिलाओं से फार्म भरवा रही, तो चुनाव आयोग के नियमों का उल्लंघन है।

सोरेन ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि सभी उपायुक्त ध्यान दें कि चुनाव आयोग के नियमों का सख्ती से पालन हो। झारखंड में किसी को भी चुनाव आयोग के नियम तोड़ने की आजादी नहीं है। उपायुक्त दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें और संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर सूचित करें।



### अधिसूचना से पहले कायक्रमों को आगे बढ़ाने का अधिकार : हिमंत



सोरेन के निर्देश पर पलटवार करते हुए असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने भी एक्स पर लिखा कि जब तक चुनाव आयोग की अधिसूचना नहीं आती, तब तक हर राजनीतिक दल को अपने कायक्रमों को आगे बढ़ाने का अधिकार है। हम किसी नियम या सांवधानिक प्रावधानों का उल्लंघन नहीं कर रहे हैं। हमारी गतिविधियों में कोई भी हस्तक्षेप अवैध माना जाएगा।

### सोरेन के पास संवैधानिक ज्ञान की कमी : मरांडी



वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सोरेन के पास संवैधानिक ज्ञान की कमी है और वह गलत सलाहकारों से घिरे हैं। भाजपा का चुनाव घोषणा पत्र गोगो दीदी योजना के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाने का आश्वासन देता है।

# करहल सीट से सपा के उम्मीदवार होंगे तेजप्रताप

» अखिलेश यादव ने छोड़ी थी विधानसभा सीट, राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल यादव ने की घोषणा



4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) ने आगामी होने वाले उपचुनाव के लिए तैयारी शुरू कर दी है। इसी क्रम में करहल विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए अपने उम्मीदवार की घोषणा कर दी है। इस उपचुनाव में तेज प्रताप यादव सपा के उम्मीदवार होंगे। इसकी घोषणा सपा के राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल यादव ने की।

यह सीट पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के लोकसभा में चुने जाने के बाद उनके इस्तीफे से खाली हुई थी। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने हैं। लोकसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करने के बाद सपा को इन उपचुनावों में भी अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। सपा के राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल यादव ने करहल में एक जनसभा के दौरान तेज प्रताप यादव की उम्मीदवारी की घोषणा की। उन्होंने कहा कि सैफई परिवार का कोई सदस्य करहल उपचुनाव लड़ेगा और सपा के उम्मीदवार तेज प्रताप यादव होंगे। जिन 10 विधानसभा सीटों पर अब उपचुनाव हो रहे हैं, उनमें से 5 पर 2022 के चुनाव में सपा ने जीत हासिल की थी। इन आगामी चुनावों को लेकर सपा काफी उत्साहित नजर आ रही है। आपको बता दें कि यूपी में दस सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए बीजेपी ने हर सीट पर तीन उम्मीदवारों का पैनल तैयार किया है। इन उपचुनावों की तारीखों की घोषणा जल्द होने की उम्मीद है। आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उपचुनाव की तैयारियों पर चर्चा के लिए बैठक की। बैठक में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक, यूपी बीजेपी अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, संगठन सचिव धर्मपाल सिंह और अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री आवास में शिफ्ट हुईं आतिशी

» स्थानीय कर्मचारियों के साथ की बैठक

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी सिविल लाइंस स्थिति फ्लैग स्टाफ रोड पर बंगला नंबर छह में शिफ्ट हो गई। मुख्यमंत्री आवास पर आने के बाद सोमवार को उन्होंने स्थानीय कर्मचारियों के साथ बैठक भी की। साथ ही विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

बता दें कि इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दूसरे नवरात्र के दिन मुख्यमंत्री आवास को खाली कर दिया था। वह आप सांसद के आवास में पांच फिरोशाह रोड में शिफ्ट हो गए हैं। मुख्यमंत्री ने नए बंगले में शिफ्ट होने के बाद सोमवार को दोपहर में एक परिचयात्मक बैठक में सीएम आवास के कर्मचारियों से बातचीत की। इससे पहले उनके निजी सामान और अन्य सामान को एक छोटे मालवाहक वाहन में उनके नए घर में शिफ्ट किया गया।



### केजरीवाल का सामान अब भी आवास में : विजेंद्र

दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता विजेंद्र गुप्ता ने छह अक्टूबर को जारी पीडब्ल्यूडी के एक कथित पत्र को साझा करते हुए आरोप लगाया कि केजरीवाल ने वास्तव में अपना बंगला खाली नहीं किया है। उनका अधिकांश सामान अभी भी उसी घर में है। केजरीवाल के पास अभी भी यह बंगला है और इसकी चाबियां भी उनके पास हैं।

# हिमाचल का हक मार रही केन्द्र सरकार : सुक्खू

## बोले- राज्य के टैक्सों से उगाही करके ही केंद्र के पास आता है पैसा

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



शिमला। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि नड्डा कभी नादौन में ईडी के छापे करवाते हैं तो कभी शिमला में आकर कुछ और करवाते हैं। जब से कांग्रेस की दोबारा से 40 सीटें आई हैं, वह व्यक्तिगत आक्षेप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्यों से उगाही करके ही केंद्र सरकार के पास टैक्स जाता है। वह हिमाचल के लिए खैरात नहीं बांट रहे हैं। यह हिमाचल के लोगों का हक है।

सुक्खू ने कहा कि नड्डा कह रहे हैं कि प्रदेश में कोई टॉयलेट टैक्स लगा रहे हैं, वह एक भी आदमी को ढूंढ कर ले आएं। जब जयराम ठाकुर की सरकार थी तो उन्होंने होटलों पर अतिरिक्त शीट पर सीवरेज शुल्क लगाया, उसे भी हमने माफ किया है। सुक्खू ने कहा कि नड्डा के जो सलाहकार बने हैं, वह कभी कांग्रेस में रहे हैं। उनकी सलाह से बचकर रहें तो अच्छा होगा। सुक्खू ने कहा कि नड्डा केंद्रीय मंत्री हैं और यह बहुत अच्छी बात है कि वह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी हैं। पर केंद्रीय मंत्री को यह जानकारी होनी चाहिए कि हम संघीय ढांचे में रहते हैं। संघीय ढांचे में हिमाचल प्रदेश भी एक राज्य है। आज प्रदेश के स्वास्थ्य क्षेत्र को निचले स्तर पर अगर किसी पार्टी ने पहुंचाया है, तो पूर्व भाजपा सरकार है।

### हिमाचल के मंत्री का दावा, भारत की सीमा पर मंडरा रहे चीन के ड्रोन

किन्नौर जिले में इंडो-चीन बॉर्डर पर चीन के ड्रोन बार-बार भारत की सीमा में मंडरा रहे हैं। केंद्र सरकार की सभी एजेंसियां मौके पर तैनात हैं। उन्हें भी इस बारे में जानकारी है। ऐसे में केंद्र सरकार को इस मामले को गंभीरता से लेना चाहिए। राज्य सचिवालय में मीडिया से बातचीत में जनजातीय एवं राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने यह दावा किया। कहा है कि किन्नौर के शिपकी और पूह ब्लॉक के सामने ऋषि डोगरी के ऊपर स्थानीय लोगों ने चीन के इन ड्रोन को देखा है।

### नड्डा ने हिमाचल आकर किया जनता और सरकार का तिरस्कार : जगत सिंह नेगी

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने हिमाचल आकर हिमाचल सरकार और जनता का तिरस्कार किया है। वह केंद्र से खाली हाथ हिमाचल आए हैं। जो उन्होंने कहा, उससे लगता है कि उनकी बातों में अब दम नहीं रहा। लोगों का केंद्र की भाजपा सरकार से मन ऊब गया है। हरियाणा में किसानों को लाभ नहीं मिले हैं। वहां भाजपा की सरकार रहते आर्थिकी नीचे चली गई है। जम्मू-कश्मीर में भी धारा 370 हटाकर कुछ फायदा नहीं हुआ है। लद्दाख को यूटी बनाए जाने से लोग परेशान हैं।

# बॉम्बे हाईकोर्ट ने एमएलसी प्रत्याशियों पर दायर याचिका का फैसला रखा सुरक्षित

» उद्धव के फैसले को शिंदे सरकार ने लिया था वापस

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

मुंबई। बॉम्बे हाई कोर्ट ने 2020 में राज्यपाल की मंजूरी के लिए भेजे गए 12 विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) उम्मीदवारों की सूची को वापस लेने को चुनौती देने वाली शिवसेना (यूबीटी) नेता सुनील मोदी द्वारा दायर याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया।

सूची पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के मंत्रिमंडल द्वारा प्रस्तुत की गई थी, लेकिन नए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने 2022 में पदभार ग्रहण करने के बाद इसे वापस ले लिया। राज्यपाल ने नामांकन पर अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया था, जब वापसी हुई और शिंदे सरकार ने खाली एमएलसी सीटों के लिए नए उम्मीदवार प्रस्तावित नहीं है। हाई कोर्ट ने पहले फैसला सुनाया था कि राज्यपाल ठाकरे सरकार द्वारा भेजी गई सूची पर निर्णय लेने में देरी नहीं कर सकते। मोदी का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता यशराज सिंह देवड़ा ने तर्क दिया कि वर्तमान याचिका अलग है क्योंकि यह शिंदे सरकार द्वारा नामांकन वापस लेने को संबोधित करती है। देवड़ा ने तर्क दिया कि राज्यपाल को केवल रबर स्टांप के रूप में काम नहीं करना चाहिए बल्कि कैबिनेट की सलाह और सिफारिशों पर सावधानीपूर्वक विचार करना चाहिए। महाधिवक्ता डॉ. बीरेंद्र सराफ ने प्रतिवाद किया कि शिंदे के मुख्यमंत्री बनने के बाद, उन्होंने राज्यपाल से संपर्क किया था, जिन्होंने 12 एमएलसी के संबंध में फाइल लौटा दी थी, जिससे यह मुद्दा विवादास्पद हो गया था।

बामुलाहिज़ा
कार्टून : हसन जैदी





# चुनावी झटकों के बाद विपक्षी निशाने पर भाजपा

## कांग्रेस, सपा, आप ने करने शुरू किए तीखे प्रहार

# विपक्ष बोला- जनाधार खो रही मोदी सरकार

- पूरे देश में भाजपा की नीतियों की आलोचना
- भाजपा का भी नेता प्रतिपक्ष पर पलटवार
- जनगणना पर कांग्रेस ने साधा केंद्र सरकार पर निशाना

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। लोकसभा चुनावों व कई अन्य उपचुनावों में झटका खाने के बाद बीजेपी एकबार फिर विपक्ष के निशाने पर आ गई है। आप, कांग्रेस, सपा से लेकर हर-छोटी बड़ी पार्टी प्रधामंत्री मोदी व भाजपा को घेरने में लगे हैं। मप्र, यूपी, महाराष्ट्र, दक्षिण भारत, बिहार से लेकर झारखंड तक बीजेपी चौतरफा आलोचनाओं का शिकार हो रही है। हालांकि विपक्ष पर भाजपा का पलटवार भी जारी है। जगह-जगह प्रधान मंत्री समेत कई नेता कांग्रेस व नेता प्रतिपक्ष पर हमलावर होते रहते हैं। दरअसल, लोक सभा चुनाव में तगड़ा झटका खाने के बाद बीजेपी विस चुनावों के साथ-साथ कई छोटे मोटे चुनावों में अपना जनाधार खो रही है। ये जनमत धीरे-धीरे कांग्रेस की ओर जा रहा है। उधर कांग्रेस ने जनगणना को लेकर भाजपा सरकार पर करारा प्रहार जारी रखा हैं।

जनगणना में हो रही देरी को लेकर कांग्रेस ने एक बार फिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस ने साफ तौर पर कहा कि केवल जाति गणना के माध्यम से ही शिक्षा और रोजगार में पूर्ण और सार्थक सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय सुनिश्चित किया जा सकता है। कांग्रेस महासचिव संचार प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि अपने राजनीतिक परिवर्तन और आर्थिक उथल-पुथल के बीच, श्रीलंका ने अभी घोषणा की है कि 2012 में की गई उसकी नवीनतम जनसंख्या और आवास जनगणना सोमवार से शुरू होगी। रमेश ने एक्स पर लिखा कि राजनीतिक परिवर्तन और आर्थिक उथल-पुथल के बीच श्रीलंका ने अभी घोषणा की है कि अपडेटेड जनसंख्या एवं आवास जनगणना आज से शुरू होगी। 2012 में वहां आखिरी बार जनगणना हुई थी। भारत में इसे लेकर क्या हो रहा है? दशकीय जनगणना 2021 में होनी थी लेकिन अभी भी इसके होने के कोई संकेत नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हम अभी भी 2011 की जनगणना से प्राप्त डेटा का इस्तेमाल कर रहे हैं। इस वज़ह से 10 करोड़ से अधिक भारतीयों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013/प्रधानमंत्री ग़रीब कल्याण अन्न योजना के तहत मिलने वाले लाभ से वंचित किया जा रहा है। कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि साथ ही जनगणना में जाति के प्रश्नों को जोड़ने को लेकर क्या विचार है, जैसा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और अन्य सभी राजनीतिक दलों द्वारा मांग की जा रही है? अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों की विस्तृत गणना 1951 से हर दस साल में होती रही है। उन्होंने कहा कि अब ओबीसी और अन्य जातियों की भी ऐसी ही विस्तृत गणना की आवश्यकता है। जाति जनगणना के माध्यम से ही शिक्षा और रोज़गार के क्षेत्र में पूरी तरह से सार्थक सामाजिक, आर्थिक, और राजनीतिक न्याय सुनिश्चित किया जा सकता है। उन्होंने तंज कसा कि नॉन-बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री जनगणना में देरी क्यों कर रहे हैं, जिसमें जाति आधारित गणना भी होगी?



## घुसपैठियों की पक्षधर है सोरेन सरकार, झारखंड में लागू करेंगे एनआरसी : शिवराज



कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि अगर भाजपा झारखंड में सत्ता में आती है तो राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) लागू करेगी, उन्होंने दावा किया कि सीएम सोरेन राज्य में घुसपैठियों का पक्ष ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि नागरिकता रजिस्टर बनाया जाएगा और विदेशी घुसपैठियों को चुन-चुनकर बाहर निकाला जाएगा। अपने बयान में उन्होंने कहा कि बीजेपी अपना चुनावी घोषणापत्र जारी करने जा रही है। यह चुनाव सिर्फ किसी को सीएम बनाने या सत्तासीन करने का नहीं है, बल्कि यह झारखंड को बचाने का है। भाजपा नेता ने कहा कि हम रोटी, माटी और बेटी की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। बांग्लादेश से आए घुसपैठियों के कारण क्षेत्र की जनसांख्यिकी तेजी से बदल रही है। पहले संथाल क्षेत्र में आदिवासियों की आबादी 44 प्रतिशत से अधिक थी। अब इसे घटाकर 28 फीसदी कर दिया गया है। इन घुसपैठियों से आबादी बुरी तरह प्रभावित है। शिवराज ने कहा कि झारखंड का चुनाव सिर्फ मुख्यमंत्री बनाने या किसी राजनीतिक दल का शासन बनाने का चुनाव नहीं है, बल्कि प्रदेश को बचाने का चुनाव है। बेटी, माटी, रोटी तीनों की रक्षा करना हमारा संकल्प है। बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण झारखंड की जनसांख्यिकी बदल रही है। संथाल परगना में आदिवासियों की आबादी 44त्न से घटकर 28त्न हो गयी है। बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण हिंदू आबादी भी प्रभावित हुई है।

## मप्र में ड्रग्स मामले के आरोपी के साथ डिप्टी सीएम

मामले को लेकर जो बात सामने आई है वो ये कि गुजरात एटीएस और एनसीबी की संयुक्त टीम द्वारा कटारा हिल्स क्षेत्र के प्लॉट नंबर 63 बगरौदा पठार थाना कटारा हिल्स भोपाल में बन्द फैक्टरी में छापा मारा था। यहां टीन शेड में संचालित फैक्ट्री में 60 किलो एमडी सालिड पाऊडर और 907 किलो लिक्विड मिला था। इसकी अंतरराष्ट्रीय कीमत 1800 करोड़ रूपए आंकी गई है। मौके से आरोपी प्रकाश सान्याल एवं अमित को गिरफ्तार किया था। अधिकारिक जानकारी के अनुसार एमडी ड्रग फैक्टरी मामले में तार मंदसौर से भी जुड़े है। सूत्रों की मानें तो नाहरगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम माल्या में दबिश देकर हरिश को पूछताछ के लिए उठाया है। बताया जाता है कि हरिश सान्याल के संपर्क में था। मंदसौर एसपी अभिषेक आनंद और उनकी टीम भी माल्या पहुंची थी। फैक्टरी को अमित चतुर्वेदी पिता पीसी चतुर्वेदी उम्र 58 साल निवासी द्वारकापुरी कॉलोनी कोटरा सुल्तानबाद पीएनटी के द्वारा लगभग 6 से 7 माह पहले किराए पर ली थी। यहां मुम्बई से मशीनरी लाकर स्थापित की थी। साथ ही सान्याल पिता प्रकाश नारायण निवासी नासिक महाराष्ट्र के साथ मिलकर वह केमिकल लेकर सिंथेटिक ड्रग एमडी बना रहा था। सान्याल एनडीपीएस एक्ट के मामले में मुम्बई के आर्थर रोड जेल में 5 वर्ष बन्द रहा है। फैक्टरी में कुल तीन मजदूर काम कर रहे थे। बताया जाता है कि ये अंदर ही रहते है। फैक्टरी के बाहर गेट पर हमेशा ताला लगा रहता था। अमित चतुर्वेदी और सान्याल प्रकाश बाहर चले जाते थे। इसके बाद फैक्टरी में मजदूर एमडी ड्रग बनाते थे। सूत्रों की मानें तो अफजलपुर थाना के माल्या गांव का हरीश आंजना सान्याल के संपर्क में था। वहीं माल सप्लाई का काम भी करता था। मंदसौर में एटीएस की आमद के बाद मंदसौर पुलिस भी हरकत में आई।



## भाजपा कर रही झारखंड से सौतेला व्यवहार : कल्पना



झारखंड में संभावित विधानसभा चुनाव को लेकर सत्तारूढ़ झामुमो विपक्षी पार्टी भाजपा पर हावी है। सिमडेगा में एक रैली के दौरान झामुमो विधायक और सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने भाजपा पर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा चाहती है कि झारखंड गरीब बना रहे। इसलिए भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार बजट देने के मामले में झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि हॉकी जैसे खेलों में झारखंड की अपनी अलग पहचान है। राज्य में खेल प्रतिभाएं बड़ी संख्या में हैं, लेकिन जब केंद्र के खेलो इंडिया के तहत फंड की बात आती है, तो झारखंड सबसे निचले पायदान पर है। केंद्र सारा फंड अपने राज्यों को देता है। सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना ने आरोप लगाया कि खेल ही नहीं अन्य योजनाओं में भी झारखंड को भेदभाव झेलना पड़ रहा है। कल्पना सोरेन ने दावा किया कि आवास योजना के तहत झारखंड को जो फंड मिलना चाहिए, वह भी भाजपा शासित राज्यों को दिया गया। भाजपा नेता नहीं चाहते कि झारखंड के लोग शिक्षित हों या खेलों में आगे बढ़ें। वे चाहते हैं कि झारखंड हमेशा गरीब रहे। सोरेन ने दावा किया कि केंद्र झारखंड का खनिज चाहता है, लेकिन, जब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन केंद्र से राज्य के कोयला रॉयल्टी के बकाया 1.36 लाख करोड़ रुपये मांगते हैं, तो उन्हें जेल भेज दिया जाता है। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता ने 2019 में भाजपा को करारा जवाब दिया और आने वाले चुनाव में भी ऐसा ही होगा।

## दिल्ली सरकार के खिलाफ साजिश रच रहा है केंद्र : केजरीवाल



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और मौजूदा सीएम आतिशी ने केंद्र सरकार पर दिल्ली प्रशासन के खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाया। आतिशी ने दावा किया कि साजिश का उद्देश्य आप सरकार द्वारा किए गए अच्छे काम को बदनाम करना था और इस बात पर जोर दिया कि भाजपा के प्रयास विफल हो गए हैं। आतिशी ने कहा कि केजरीवाल को जमानत मिलने के बाद, हम दिल्ली सड़कों की स्थिति की समीक्षा करने गए। उन्होंने मुझे सड़कों की मरम्मत और रख-रखाव के संबंध में एक पत्र दिया। इसके तुरंत बाद पीडब्ल्यूडी ने सड़कों की मरम्मत का काम शुरू कर दिया। सीएम ने दावा किया कि आप विधायकों ने एक हफ्ते में सभी सड़कों का निरीक्षण किया। अब 89 में से 74 सड़कों के लिए टेंडर हो गए हैं। शेष 15 सड़कों के लिए निविदा जारी की जा रही है। इस दौरान अरविन्द केजरीवाल ने कहा कि भाजपा ने पीडब्ल्यूडी की सड़कों का नियमित रखरखाव भी बंद कर दिया था। इससे पहले केजरीवाल ने दिल्ली में शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी रियायती सेवाओं को लोगों के लिए अपनी छह रेवड़ियां बताया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग)-शासित राज्यों में निःशुल्क बिजली उपलब्ध कराने की चुनौती दी। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने छत्रसाल स्टेडियम में अपनी दूसरी 'जनता की अदालत' रैली को संबोधित करते हुए कहा कि यदि मोदी राजग-शासित ''22 राज्यों'' में निःशुल्क बिजली उपलब्ध कराने की घोषणा करते हैं तो वह फरवरी में दिल्ली विधानसभा चुनाव में मोदी के लिए प्रचार करेंगे। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की 'डबल इंजन' की राज्य सरकारों के नाकाम रहने का आरोप लगाया और हरियाणा तथा जम्मू-कश्मीर से उनके सत्ता से बाहर होने का अनुमान जताया।

## जिद... सच की



Sanjay Sharma

editor.sanjaysharma
@Editor_Sanjay

# कामकाज के साथ सामजिक दायित्व पर भी हो ध्यान !

**"दुनिया तेजी से परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। कामकाज के तरीके तेजी से डिजिटल और स्वचालित हो रहे हैं। रोबोटिक शक्ति इसका आधार बन रही है। कृत्रिम मेधा भी मुख्य सहयोगी के रूप में उभर रही है। यानी भारत में उत्पादन, निवेश और खेती-किसानी के तरीके भी बदलेंगे। विशेषज्ञों के अनुसार अगले दस सालों में कामकाज के घंटों और नौकरी करने के तौर-तरीकों में परिवर्तन आएगा।**

*अभी हाल में काम करने के घंटों पर चर्चा हुइ थी। एक रिपोर्ट आई है जिसमें ये खुलास हुआ है प्राइवेट सेक्टर के लोग ज्यादा काम करत हैं। हालांकि उसके हिसाब से उन्हें वेतन भी मिलता है। पर दूसरा पहलू यह है कि उसका दुष्प्रभाव भी कामकाजी लोगों पर पड़ रहा है। वे सामाजिक रूप से दूरे होते चले जा रहें हैं। जो एक खतरनाक व चिंता की बात है। काम के घंटे व ओवर टाइम की व्यवस्था ऐसी हो ताकि नौकरीपेशा लोगों की सामाजिक दायित्व छिन्न भिन्न न हो। हालांकि नौकरी देने वाले संस्थान अब इसके लिए अपने स्तर से सामुदायिक कार्यक्रमों का आयोजन करके इस समस्या से निपटने का फार्मूला निकाल रहे हैं। दुनिया तेजी से परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। कामकाज के तरीके तेजी से डिजिटल और स्वचालित हो रहे हैं। रोबोटिक शक्ति इसका आधार बन रही है। कृत्रिम मेधा भी मुख्य सहयोगी के रूप में उभर रही है। यानी भारत में उत्पादन, निवेश और खेती-किसानी के तरीके भी बदलेंगे।*

*विशेषज्ञों के अनुसार अगले दस सालों में कामकाज के घंटों और नौकरी करने के तौर-तरीकों में परिवर्तन आएगा। एआई और रोबोटिक्स के चलते स्थायी व्यवस्था की जगह गिग अर्थव्यवस्था सामने आएगी। इसमें जरूरत के अनुसार अस्थायी कर्मचारियों को काम पर रखने का चलन बढ़ेगा। इसके साथ ही, काम के घंटे बदलने के कारण पारंपरिक नौकरियों की व्यवस्था के अतिरिक्त कर्मचारी संविदा के आधार पर विभिन्न सेक्टरों-कंपनियों में एक साथ कई जिम्मेदारियां संभाल सकेंगे। इसका असर डिजिटल और इंटरनेट की दुनिया में अभी से दिखने लगा है। पिछले दिनों एक प्रस्ताव सामने आया था कि काम के घंटे 10 से 14 कर दिए जाएं, क्योंकि आईटी क्रांति का सामना इसी तरह से किया जा सकेगा। बहरहाल, कामकाजी दुनिया की हकीकत बदल रही है। हाल के बजट में वित्तमंत्री ने भी जिन पांच क्षेत्रों में नौकरी की व्यवस्था पर ध्यान केन्द्रित किया है, उसमें कृत्रिम मेधा और रोबोट्स की दुनिया के प्रयोग को नकारा नहीं है। भारत, जिसकी आबादी इस समय दुनिया में सबसे अधिक है, क्या वह कृत्रिम मेधा या रोबोट का उपयोग उसी तरह कर सकता है जैसे शक्ति-संपन्न पश्चिमी देश करते हैं, जहां आबादी की कमी है। बजट सत्र में वित्तमंत्री ने नई नौकरियों के लिए दो लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। इसके द्वारा अगले पांच साल में 4.1 करोड़ नौजवानों को विशिष्ट प्रशिक्षण दिया जाएगा ताकि वे रोजगार की दुनिया में खुद को अनुकूलित कर सकें। देश में आज भी आधी आबादी से कम खेतीबाड़ी में लगी हुई है। प्रश्न है कि वहां से सकल घरेलू आय में केवल 15 प्रतिशत का योगदान ही क्यों मिल रहा है? आंकड़े बता रहे हैं कि कृषि और ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी दर बढ़ी है।*

(इस लेख पर आप अपनी राय 9559286005 पर एसएमएस या info@4pm.co.in पर ई-मेल भी कर सकते हैं)

# बिहार में तीसरी धुरी बनने की कवायद

वेद विलास उनियाल

बिहार की राजनीति में एक और पार्टी का उदय हुआ है। चुनावी रणनीति और चक्रव्यूह रचने वाले प्रशांत किशोर अब स्वयं अपनी पार्टी बनाकर मैदान में उतरे हैं। सुराज नाम की यह पार्टी एकाएक राजनीति के समर में नहीं उतरी है। प्रशांत किशोर ने इसके लिए लंबी तैयारी की है। पदयात्रा करके बिहार के ओर-छोर को नापा है। बिहार की सियासत के तमाम समीकरणों को अपने तराजू पर तोला है। बहरहाल, इतना तय है कि यह पार्टी अपने कुछ अलग तेवरों के साथ होगी और इसने बिहार की राजनीति में प्रभाव रखने वाली तमाम पार्टियों को इसके बारे में सोचने को विवश किया है। अभी यह भी साफ नहीं है कि यह पार्टी किसके जनाधार पर सेंध लगा सकती है। कांग्रेस आरजेडी को अपने मुस्लिम मतदाताओं को एकजुट रखने की चिंता है।

बीजेपी पिछड़े और सवर्ण मतदाताओं को बिखरने नहीं देना चाहती। सत्ता में बीजेपी के साथ सहभागिता करने वाली जेडीयू को पिछड़ों, अति पिछड़ों पर अपने प्रभाव को कायम रखने की जद्दोजहद है। भारत के सियासी दलों के लिए चुनावी रणनीति तैयार करने वाले प्रशांत किशोर जब अपनी पार्टी लेकर आए हैं, तब कई तरह की कसौटियां उनके सामने भी हैं। चुनावी रणनीति बनाना और चुनाव के समर में उतरना दो अलग-अलग पहलू हैं। चुनाव के पैंतरों को समझकर राजनीति में सब कुछ हासिल होता तो देश की सियासत को बखूबी समझने वाले राजनीतिक समीक्षक सियासत की पारियां भी खेल रहे होते। लेकिन सियासत का जमीनी संघर्ष बहुत अलग होता है। इसलिए कई सामाजिक आंदोलन करने वाले भी सियासत से जूझते रहने और सफल आंदोलनों के बाद भी खुद सियासत का हिस्सा नहीं बन पाते। साथ ही यह भी समझना होगा कि प्रशांत किशोर ने राजनीति की शुरुआत के लिए उस बिहार को चुना है जहां सियासत हमेशा उलझी हुई रही है। जातीय और क्षेत्र के उलझे समीकरण रहे हैं। ऐसा नहीं है कि केंद्र या राज्य में स्थापित हुई सियासी पार्टियों को कोई नई पार्टी चुनौती नहीं दे सकती।

तेलुगू स्वाभिमान के नारे पर 1982 में एनटी रामाराव ने तेलुगूदेशम की स्थापना की थी। इसने आंध्र प्रदेश में कांग्रेस के वर्चस्व को समाप्त किया था। एनटी रामाराव की राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं थी। लेकिन कुछ ही समय में उनकी स्थापित की हुई पार्टी ने सत्ता हासिल की। आज भी आंध्र प्रदेश में तेलुगूदेशम का परचम लहरा रहा है। वर्ष 2012 में अरविंद केजरीवाल ने जिस आम आदमी पार्टी को स्थापित किया वह एक साल में ही सत्ता में आ गई थी। इस समय भी दिल्ली व पंजाब में आप की सरकार है। लेकिन इन पार्टियों की अगर बिहार में सुराज पार्टी से तुलना करें तो कुछ परिस्थितियों में अंतर दिखता है। निस्संदेह दिल्ली में आप की सफलता में अन्ना हजारे के आंदोलन का प्रताप था। भ्रष्टाचार के खिलाफ अन्ना के आंदोलन का ज्वार ऐसे उठा कि केजरीवाल और उनके साथियों को सियासत का एक प्लेटफार्म मिल गया। ऐसे में अगर बिहार की ओर देखें तो प्रशांत किशोर के सामने पार्टी को सामने रखकर जनता को झकझोरने वाला नया मुद्दा या नारा नहीं दिखता। प्रशांत किशोर सियासी बिसात बिछाने के समीकरणों को तैयार करने के मास्टर हो सकते हैं लेकिन बिहार में बड़ी उथल-पुथल के लिए उन्हें जनता को झकझोरने के लिए किसी बड़े नारे की जरूरत होगी। बिहार की सियासी पार्टियां और राजनीतिक सूरमा इस बात का आकलन कर रहे हैं कि सुराज उन्हें कहां नुकसान पहुंचा सकती है और कहां सुराज की मौजूदगी उनके हित में हो सकती है। वहीं सुराज की कोशिश यही होगी कि वह बिहार में परिणामों से नई हलचल मचा दे। इसके लिए प्रशांत किशोर कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। प्रशांत किशोर की पार्टी निश्चित तौर पर



विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। वह बिहार की सियासत में एक धुरी बनेगी, इसमें संदेह नहीं है। प्रशांत किशोर अपनी पदयात्रा में मिले जनसमर्थन से उत्साह में हैं। बिहार की इस पार्टी को हल्के में लेने की भूल कोई भी दल नहीं कर रहा। खासकर तब जबकि बिहार में महज तीन-चार प्रतिशत वोट इधर-उधर होने से खेल संभव हो जाता है।

बिहार के राजनीतिक समर में सुराज के आने से बड़े दलों को अपने समीकरणों को खंगालना होगा। बड़े सियासी दलों को अच्छी तरह मालूम है कि प्रशांत किशोर पेशेवर हुनर से सियासत में उतरे हैं। कहीं न कहीं प्रशांत बिहार के जनमानस को यह संदेश देने की कोशिश करेंगे कि वह राज्य की राजनीति के परंपरागत ढर्रे को बदलने का काम करेंगे। दिल्ली में आप ने यही फार्मूला अपनाया था। प्रशांत किशोर की पूरी कोशिश होगी कि उनकी पार्टी सियासत में एक अभिनव प्रयोग के साथ सामने आयेगी।

# अंतरिक्ष में भारत की लंबी छलांग की तैयारी



मुकुल व्यास

हाल ही में चार महत्वपूर्ण अंतरिक्ष मिशनों को मंजूरी मिलने के बाद भारत के अंतरिक्ष अन्वेषण कार्यक्रम को नया बल मिला है। इन मिशनों का उद्देश्य अंतरिक्ष अनुसंधान और प्रौद्योगिकी में भारत की स्थिति को मजबूत करना है। ये मिशन अंतरिक्ष क्षमताओं को आगे बढ़ाने और वैश्विक अंतरिक्ष अन्वेषण प्रयासों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए देश की प्रतिबद्धता को उजागर करते हैं। मंजूर किए गए मिशनों में चंद्रयान-4, वीनस ऑर्बिटर मिशन, भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन का निर्माण और गगनयान अनुवर्ती कार्यक्रम शामिल हैं। प्रत्येक मिशन की अपनी चुनौतियां हैं। उनकी सफलता उन्नत तकनीक, कुशल विशेषज्ञता और पर्याप्त वित्तीय सहायता पर निर्भर करेगी। उनमें से सबसे प्रमुख चंद्रयान-4 है जो चंद्र अन्वेषण की दिशा में भारत की अगली छलांग है।

चंद्रयान-4 भारत के लिए एक अभूतपूर्व मिशन है, जो चंद्रमा से नमूने एकत्र करने और उन्हें पृथ्वी पर वापस लाने पर ध्यान केंद्रित करता है। 2,104.06 करोड़ रुपये के प्रभावशाली बजट वाला यह मिशन चंद्रयान-3 की सफलता पर आधारित है, जिसने चंद्रमा पर उतरने की भारत की क्षमता को साबित किया। अब चंद्रयान-4 का लक्ष्य चंद्रमा की संरचना और भूगर्भीय इतिहास के बारे में हमारी समझ को गहरा करना है। चंद्रयान-4 का प्राथमिक उद्देश्य चंद्रमा की सतह से मिट्टी और चट्टान के नमूने एकत्र करना और उनका विश्लेषण करना है। ये नमूने चंद्रमा की संरचना और विकास के बारे में मूल्यवान जानकारी प्रदान करेंगे, जिससे वैज्ञानिकों को इसके निर्माण और अरबों वर्षों में इसे आकार देने वाली प्रक्रियाओं के बारे में बेहतर समझ मिलेगी। सरकार द्वारा मंजूर किए गए अन्य मिशनों में भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन विशेष रूप से उल्लेखनीय है। भारत ने 2035 तक यह स्टेशन स्थापित करने की योजना बनाई है। पृथ्वी की कक्षा में एक परिक्रमा स्टेशन स्थापित करना क्यों जरूरी है? भारत अपने गगनयान मिशन के तहत तीन अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में भेजना चाहता है।

एक बार अंतरिक्ष मानव उड़ानों का सिलसिला शुरू होने के बाद भारत को अंतरिक्ष में एक ऐसे ठौर-ठिकाने की जरूरत पड़ेगी जहां अंतरिक्ष यात्री कुछ समय बिताकर शून्य गुरुत्वाकर्षण की स्थिति में वैज्ञानिक प्रयोग कर सकें। भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (बीएएस) अंतरिक्ष में हमारा अपना ठिकाना होगा। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बीएएस की पहली इकाई के निर्माण को हरी झंडी दे दी है। भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन पृथ्वी से 400 किलोमीटर ऊपर परिक्रमा करेगा। बीएएस को स्वीकृत का निर्णय गगनयान कार्यक्रम के विस्तार का हिस्सा है। वहीं, गगनयान कार्यक्रम के लिए अतिरिक्त 11,170 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इस कार्यक्रम का दायरा बढ़ने के साथ कुल निधि 20,193 करोड़ रुपये हो गई है। इस कार्यक्रम में बीएएस के सफलतापूर्वक निर्माण और संचालन के लिए आवश्यक तकनीकों का परीक्षण और प्रमाण देने के मिशन भी शामिल किए जाएंगे। यह विशाल संरचना एक रिसर्च सेंटर के रूप में कार्य करेगी, जहां भारतीय अंतरिक्ष यात्री और वैज्ञानिक सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण, खगोल विज्ञान और पृथ्वी अवलोकन से संबंधित प्रयोग कर सकते हैं। अंतरिक्ष यात्री 15-20 दिन तक इस स्टेशन में रह सकेंगे।


संशोधित योजना में अब बीएएस के विकास और इसके लिए आवश्यक प्रारंभिक मिशन शामिल हैं। इसमें एक और चालक दल रहित मिशन और गगनयान कार्यक्रम के लिए आवश्यक अतिरिक्त उपकरण जोड़ना भी सम्मिलित है। कार्यक्रम को अपडेट करने का मतलब यह है कि दोनों परियोजनाओं की सुचारु प्रगति के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। ध्यान रहे कि दिसंबर, 2018 में स्वीकृत गगनयान कार्यक्रम का उद्देश्य मानव को पृथ्वी की निचली कक्षा में भेजने के अलावा भारत के भविष्य के मानव अंतरिक्ष अन्वेषण प्रयासों के लिए आवश्यक बुनियादी तकनीकों को स्थापित करना है। आज अंतरिक्ष में एडवेंचर करने वाले सभी प्रमुख देश भविष्य के चंद्रमा मिशनों और अन्य दीर्घकालिक मानव अंतरिक्ष मिशनों के लिए आवश्यक क्षमताओं का निर्माण करने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास और बड़े निवेश कर रहे हैं। भारत के गगनयान कार्यक्रम को इसरो की मौजूदा परियोजना प्रबंधन प्रणाली का उपयोग करके संचालित किया जाएगा। इसका लक्ष्य दीर्घकालिक मानव अंतरिक्ष मिशनों के लिए आवश्यक प्रमुख तकनीकों का निर्माण और प्रदर्शन करना है।

इस लक्ष्य तक पहुंचने के लिए इसरो ने 2026 तक चल रहे गगनयान कार्यक्रम के तहत चार मिशन पूरे करने की योजना बनाई है। इसके अतिरिक्त, यह बीएएस-1 विकसित करेगा और दिसंबर, 2028 तक बीएएस के लिए विभिन्न तकनीकों का परीक्षण और सत्यापन करने के लिए चार और मिशन संचालित करेगा। उल्लेखनीय है कि बीएएस जैसी अंतरिक्ष सुविधा सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण पर निर्भर क्षेत्रों में वैज्ञानिक अनुसंधान और प्रौद्योगिकी विकास को बढ़ाएगी। इसके परिणामस्वरूप नई तकनीकी प्रगति होगी और महत्वपूर्ण अनुसंधान और विकास क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम में उद्योग की अधिक भागीदारी से आर्थिक गतिविधि को भी बढ़ावा मिलेगा और अंतरिक्ष और इससे संबंधित क्षेत्रों के भीतर विशेष उच्च तकनीक वाले क्षेत्रों में अधिक नौकरियां पैदा होंगी। बीएएस में एक कॉमन बर्थिंग मैकेनिज्म का उपयोग करके एक साथ जुड़े पांच मॉड्यूल होंगे।

# नवरात्रि में करें मध्य प्रदेश के दुर्गा मंदिरों में दर्शन



3 अक्तूबर से शारदीय नवरात्रि का आरंभ हो गया हैं। नवरात्रि के नौ दिन देवी दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा की जाती है। इस मौके पर भक्त मंदिरों की यात्रा करते हैं और माता के स्वरूपों के दर्शन और पूजा अर्चना करते हैं। सबसे प्रसिद्ध दुर्गा मंदिरों में माता वैष्णो देवी धाम है। इसके अलावा भी कई दुर्गा मंदिर देश में मौजूद हैं। नवरात्रि के मौके पर आप भी माता के प्राचीन और पवित्र मंदिरों के दर्शन करने जा सकते हैं। वैसे तो देश विदेश तक माता के 52 शक्तिपीठ, कई प्रसिद्ध दुर्गा माता मंदिर स्थापित हैं, लेकिन अगर आप नवरात्रि के दौरान मध्य प्रदेश के प्रसिद्ध दुर्गा माता मंदिरों के दर्शन के लिए जा सकते हैं। मध्य प्रदेश में इंदौर का मैका मंदिर, जबलपुर का चामुंडा देवी मंदिर, भोपाल का बिजासन माता मंदिर और खजुराहो में चिंध्वारा देवी मंदिर आदि हैं।




## मैहर देवी मंदिर

मध्य प्रदेश के सतना जिले में प्रसिद्ध और प्राचीन मैहर माता का मंदिर है। यह मंदिर त्रिकुट पहाड़ी के ऊपर स्थित है। मैहर देवी मंदिर को 52 शक्तिपीठों में से एक माना जाता है। कहते हैं कि यहां माता सती के गले का हार गिरा था, इस वजह से मंदिर का नाम मैहर रखा गया। इस मंदिर तक पहुंचने के लिए 1000 से अधिक सीढ़ियां बनी हैं। हालांकि यहां तक पहुंचने के लिए केबल कार (ट्रॉली) और कुछ किलोमीटर तक टैक्सी सेवा भी मिलती है। नवरात्रि समेत हर मौके पर यहां भक्तों की भीड़ रहती है।

## कालिका माता मंदिर

एमपी के रतलाम जिले में कालिका माता मंदिर है, जो मां दुर्गा का एक स्वरूप हैं। इस मंदिर को लेकर मान्यता है कि यह चमत्कारी मंदिर है। कहते हैं कि जो भक्त माता कालिका की मूर्ति के सामने खड़ा होता है, उसके शरीर में विशेष प्रकार की ऊर्जा संचयन होने लगती है। हर दिन यहां हजारों भक्त दर्शन करने और माता का आशीर्वाद प्राप्त करने आते हैं। नवरात्रि के मौके पर कालिका माता मंदिर के आसपास मेले का आयोजन होता है।



## चौसठ योगिनी मंदिर



राज्य के भेड़ाघाट में माता का लोकप्रिय मंदिर है, जिसका नाम चौसठ योगिनी मंदिर है। इस मंदिर का निर्माण 10वीं शताब्दी के आसपास किया गया था। इस मंदिर के बारे में कहा जाता है कि यहां देवी दुर्गा के साथ 64 योगिनियां निवास करती हैं। मंदिर भक्तों के लिए सुबह 7 बजे से रात्रि 8.30 तक खुला रहता है। भेड़ाघाट का चौसठ योगिनी मंदिर प्राचीन भारतीय सभ्यता का प्रतीक होने के साथ कई मायनों में महत्वपूर्ण है। 81 कोणों पर आधारित इस मंदिर के गर्भ गृह में शिव-पार्वती की अत्यंत प्राचीन प्रतिमा है और बाहरी हिस्से में चौसठ योगिनियां (प्रतिमाएं) पहरे की मुद्रा में हैं।


## श्री मांढरे माता मंदिर

मध्य प्रदेश के सुंदर से शहर ग्वालियर में भी माता का पवित्र मंदिर स्थित है। श्री मांढरे माता मंदिर काफी प्राचीन है। यह मंदिर कंपू क्षेत्र के कैंसर पहाड़ी पर स्थित है। कहते हैं कि यहां माता के दर्शन करने और सच्चे मन से प्रार्थना करने पर मनोकामनाओं की पूर्ति होती है।

## बिजासन माता मंदिर

मध्य प्रदेश में मौजूद चर्चित दुर्गा मंदिरों में से एक बिजासन माता मंदिर है, जो कि इंदौर में स्थित है। इंदौर के करीब 800 फीट ऊंचाई पर पहाड़ों पर बसे इस दुर्गा मंदिर में नवरात्रि के मौके पर काफी भीड़ होती है। दूर दराज से हर दिन लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए बिजासन माता मंदिर आते हैं। मंदिर के आसपास मेले का आयोजन होता है और मंदिर परिसर को दुल्हन की तरह सजाया जाता है।

## हंसना मना है



मम्मी: नालायक कहीं का, तू बाल क्यूं नहीं कटवाता? लड़का: क्या दिक्कत है मां, ये आजकल का फैशन है, मम्मी: (गुस्से में तमतमाते हुए) आग लगे इस फैशन को, लड़के वाले तेरी बहन को देखने आये थे तुझे पसंद करके चले गए।

दूल्हा : पंडितजी! पत्नी को दायीं तरफ बैठाना है या बांयी तरफ? पंडित: देख लो, जैसा ठीक लगे बाद में तो सर पर ही बैठेगी!

पठान- मैंने आपकी दूकान से मुर्गी दाना खरीदा था। दूकानदार- तो क्या हुआ, कुछ खराबी है क्या? पठान- हां, एक महीना हो गया है उसे खेत में बोये हुए, पर अभी तक उससे कोई मुर्गी नहीं उगी।


भिखारी (शर्मा जी से)- साहब मैं अपने परिवार से बिछड़ गया हूं। मिलने के लिए 150 रुपये चाहिए। शर्मा जी (भिखारी से)- कहां है तेरा परिवार.. भिखारी- जी वो मल्टीप्लेक्स में फिल्म देख रहा है।

इंजीनियरिंग के स्टूडेन्ट- सर हमने कॉलेज में एक ऐसी चीज बनाई है, जिसकी सहायता से आप दीवार के आर-पार देख सकते हैं, सर (खुश होते हुए)- वाह ! क्या बात है, क्या चीज है वह? स्टूडेन्ट- छेद? सर- दे थप्पड़, दे थप्पड़।

## कहानी | कोयला और चंदन

चौधरी पहलवान का पूरा जीवन जरूरतमंदों की सहायता के लिए समर्पित हुआ था। जब उनका अंतिम समय नजदीक आया तो उन्होंने अपने बेटे को पास बुलाया। बेटा पास आ गया तो उन्होंने उससे कहा - देखो बेटा, मैंने अपना सारा जीवन दुनिया को शिक्षा देने में गुजार दिया। अब अपने अंतिम समय में मैं तुम्हें कुछ जरूरी बातें बताना चाहता हूं। लेकिन इससे पहले जरा तुम एक कोयला और चंदन का एक टुकड़ा उठा कर ले लाओ। बेटे को पहले तो यह बड़ा अटपटा लगा, लेकिन उसने सोचा कि अब पिता का हुक्म है तो यह सब लाना ही होगा। उसने रसोई घर से कोयले का एक टुकड़ा उठाया। संयोग से घर में चंदन की एक छोटी लकड़ी भी मिल गई। वह दोनों को लेकर अपने पिता के पास पहुंच गया। उसे आया देख पहलवान बोले- बेटा, अब इन दोनों चीजों को नीचे फेंक दो। बेटे ने दोनों चीजें नीचे फेंक दीं और हाथ धोने जाने लगा तो पहलवान बोले- जरा ठहरो बेटा। मुझे अपने हाथ तो दिखाओ। बेटे ने हाथ दिखाए तो वह उसका कोयले वाला हाथ पकड़ कर बोले, देखा तुमने। कोयला पकड़ते ही हाथ काला हो गया। लेकिन उसे फेंक देने के बाद भी तुम्हारे हाथ में कालिख लगी रह गई। गलत लोगों की संगति ऐसी ही होती है। उनके साथ रहने पर भी दुख होता है और उनके न रहने पर भी जीवन भर के लिए बदनामी साथ लग जाती है। दूसरी ओर सज्जनों का संग इस चंदन की लकडी की तरह है जो साथ रहते हैं तो दुनिया भर का ज्ञान मिलता है और उनका साथ छूटने पर भी उनके विचारों की महक जीवन भर बनी रहती है। इसलिए हमेशा अच्छे लोगों की संगति में ही रहना।

## 7 अंतर खोजें





## जानिए कैसा रहेगा कल का दिन



पंडित संदीप आत्रेय शास्त्री

लेखक प्रसिद्ध ज्योतिषविद हैं। सभी प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए कॉल करें-9837081951

**मेष**
आज विद्यार्थी वर्ग सफलता अर्जित करेगा। पठन-पाठन में मन लगेगा। दूर यात्रा की योजना बन सकती है। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। धनार्जन सुगम होगा।

**तुला**
बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। व्यापार-व्यवसाय में लाभ होगा।

**वृषभ**
पुराना रोग उभर सकता है। दु:खद समाचार मिल सकता है, धैर्य रखें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। प्रतिद्वंद्विता बढ़ेगी। पारिवारिक चिंता में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक**
कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। कारोबारी अनुबंधों में वृद्धि हो सकती है। विवाद न करें।

**मिथुन**
सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आय के स्रोतों में वृद्धि हो सकती है। व्यवसाय ठीक चलेगा। चोट व रोग से बाधा संभव है। फालतू खर्च होगा। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा।

**धनु**
आज धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। सुख के साधनों पर व्यय हो सकता है। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। प्रमाद न करें।

**कर्क**
आज धन लेन-देन में सावधानी रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। परिवार में तनाव रह सकता है। शुभ समाचार मिलेंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मकर**
स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद से क्लेश संभव है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। अपेक्षित कार्यों में अप्रत्याशित बाधा आ सकती है।

**सिंह**
रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। कोई बड़ी समस्या से छुटकारा मिल सकता है।

**कुम्भ**
आज कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। मातहतों से संबंध सुधरेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**कन्या**
आज अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। किसी विवाद में उलझ सकते हैं। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**मीन**
आज रोजगार में वृद्धि होगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। अपरिचितों पर अधिक विश्वास न करें। प्रमाद न करें। किसी भी कार्य में जल्दबाजी न करें।

बॉलीवुड | मन की बात

# बिग बॉस में कोशिश होगी की सलमान की डांट न खानी पड़े : मुस्कान बामने



लोकप्रिय शो अनुपमा में पाखी के रूप में लोकप्रियता हासिल करने वालीं मुस्कान बामने सलमान खान के जरिए होस्ट किए जाने वाले रियलिटी शो बिग बॉस 18 का हिस्सा बन गई हैं। मुस्कान ने न केवल टीवी बल्कि बॉलीवुड और ओटीटी की दुनिया में भी अपनी अलग पहचान बनाई। अब, वह रियलिटी टीवी की दुनिया में कदम रख चुकी हैं। सलमान खान के शो का हिस्सा बनीं मुस्कान बामने ने अपनी रणनीति, ताकत और कमजोरियों के बारे में जानकारी साझा की है। बिग बॉस के घर में प्रवेश करने से पहले, मुस्कान बामने ने यह भी बताया कि वह आगे आने वाली चुनौतियों के लिए कितनी तैयार महसूस करती हैं। शो के लिए हां कहने के पीछे की वजह के बारे में बात करते हुए मुस्कान बामने ने कहा, मैंने बहुत सारे टीवी किए हैं लेकिन कोई रियलिटी शो नहीं किया है और इसलिए मैंने सोचा कि चलो एक बार इसे आजमाते हैं। मुझे यह करना पड़ा क्योंकि यह एक बहुत बड़ा अवसर है। अभिनेत्री ने आगे बताया कि वह सलमान खान से मिलने और घर में नए दोस्त बनाने के लिए उत्साहित हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें नहीं लगता कि उन्हें घर में कुछ भी करना चुनौतीपूर्ण लगेगा और वह पूरी कोशिश करेंगी कि उन्हें सलमान खान से डांट न पड़े। जब मुस्कान से शो से उनकी अपेक्षाओं के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, एक व्यक्ति के रूप में, मैं और अधिक विकसित हो पाऊंगी क्योंकि इसमें बहुत सारे अलग-अलग लोग होंगे, और उन्हें जानने का मौका मिलेगा। मुस्कान ने अपनी बात में आगे जोड़ा, और जैसा कि हम सभी जानते हैं कि यह बिग बॉस है, बड़ी संख्या में दर्शक इस शो को देखते हैं इसलिए इसके बाद मेरे पास बहुत सारे विकल्प होंगे और मैं इसे करने के लिए उत्साहित हूं। मुस्कान ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत बॉलीवुड फिल्म हसीना पारकर से की, जिसमें श्रद्धा कपूर भी थीं। उन्होंने काजोल के साथ फिल्म हेलीकॉप्टर ईला में भी काम किया है। शो में लीप आने के बाद उन्होंने अनुपमा छोड़ दिया क्योंकि वह मां की भूमिका नहीं निभाना चाहती थीं।

# तैयार होने में समय लगाती हैं करिश्मा : करीना

बॉलीवुड | मसाला

बॉलीवुड में चर्चित बहनों की जोड़ी करीना कपूर खान और करिश्मा कपूर को प्रशंसक काफी पसंद करते हैं। करीना कपूर खान और करिश्मा कपूर अब द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा शो में मस्ती मजाक और बातें करती नजर आने वाली हैं। शो में बेबो और लोलो की मस्ती का अंदाज दिखाई देने वाला है। द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा शो ने जारी नए प्रोमो एपिसोड में करीना कपूर खान से कपिल पूछते हैं कि करिश्मा की एक बात जो आपको पसंद नहीं आती है। इस पर करीना कपूर जवाब देती हैं, कि ये तैयार होने में



बहुत टाइम लगाती है। करीना का ये जवाब सुनकर करिश्मा हंसने लगीं। शो के जारी प्रोमो में कपिल शर्मा कुछ सवाल करीना से पूछते है कि बच्चे ज्यादा शरारती हैं या बच्चों के पापा। करीना ने इस पर जवाब दिया आपको तो पता ही होगा, कितनी बार आपके शो में आ चुके हैं। सैफ अली खान को लेकर अभिनेत्री कई बार मस्ती भरी बातें करते देखा गया है। करीना कपूर खान ने शो में बताया कि सैफ अली खान से करीना ने अपने प्यार का सबूत मांगा था। उन्होंने कहा था कि अगर आप मुझसे प्यार करते हैं तो आपको मेरे नाम का टैटू बनवाना पड़ेगा। वर्कफ्रंट की बात करें तो करीना कपूर खान अब सिंघम अगेन में नजर आने वाली हैं। इससे पहले करीना को द बकिंघम मर्डर में देखा गया था।

# फैंस को बड़ा तोहफा देने की तैयारी में सलमान खान

सलमान खान हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के सबसे बड़े सितारों में से एक हैं। उनके फैंस की संख्या करोड़ों में है। उनके स्टारडम का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि किसी भी फिल्म में वह छोटा सा किरदार निभाकर भी वह उस फिल्म की किस्मत बदलने का दम रखते हैं। टाइगर 3 के बाद सलमान इन दिनों सिकंदर की शूटिंग में व्यस्त हैं। फैंस को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। सलमान केवल इस फिल्म में ही नहीं बल्कि



चार और फिल्मों में विशिष्ट किरदार निभाते हुए नजर आने वाले हैं। सलमान खान आने वाली कई बड़ी फिल्मों में अपनी झलक से फैंस को बड़ा तोहफा देने की तैयारी में हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सलमान ने हाल ही में वरुण धवन की फिल्म बेबी जॉन के लिए शूटिंग की है। इस फिल्म में वह वरुण के साथ एक्शन करते हुए नजर आने वाले हैं। हाल ही में एटली ने इस फिल्म के सीन को मुंबई में फिल्माया है। वहीं, वह कई सितारों से सजी रोहित शेट्टी निर्देशित फिल्म सिंघम अगेन में भी अपनी विशिष्ट भूमिका से दर्शकों पर अपना जादू चलाएंगे। इसके अलावा वह आर्यन खान की वेब सीरीज में नजर आने वाले हैं। सलमान खान फिल्म इंडस्ट्री में अपनी दोस्ती के लिए काफी मशहूर हैं। वह अपने दोस्त और अभिनेता सनी देओल की फिल्म सफर में भी एक कैमियो रोल में दिखेंगे। वर्क फ्रंट की बात करें तो सलमान खान सिकंदर के बाद किक 2 में भी दिखेंगे। हाल ही में इस फिल्म का एलान साजिद नाडियाडवाला के प्रोडक्शन हाउस की ओर से किया गया है।


**सिकंदर ही नहीं, सफर, सिंघम अगेन और बेबी जॉन में दिखेंगे भाईजान**

अजब-गजब | मौत के बाद नर्क पहुंच गया शख्स

# चार घंटे बाद फिर हुआ जिंदा

आपने कई ऐसे किस्से सुने होंगे, जिनमें कई लोगों ने दावे किए कि वे मौत के बाद जिंदा हो गए और उन्होंने मौत के बाद के अपने अनुभव साझा किए। इनमें से कई लोगों ने अलग अलग अनुभव शेयर किए। कुछ लोगों का कहना था कि मरने के बाद वे कुछ देर तक स्वर्ग में रहे और वापस आ गए। कई लोगों ने कहा कि उन्होंने तेज रोशनी देखी। अब एक व्यक्ति ने भी ऐसा ही दावा किया है लेकिन उसका अनुभव थोड़ा अलग है। इस व्यक्ति का दावा है कि मरने के बाद वह नर्क गया था। एक की रिपोर्ट के मुताबिक एक शख्स ने दावा किया है कि मरने के बाद उसे नर्क ले जाया गया। यह शख्स अपने अजीबोगरीब दावे की वजह से इन दिनों सुर्खियों में है। युवक के अनुसार, मरने के बाद उसे सीधे नर्क ले जाया गया, जहां उसकी मुलाकात शैतानों से हुई। इस शख्स के दावे वाकई हैरान कर देने वाले हैं। हालांकि विज्ञान मृत्यु के बाद किसी जीवन की संभावना को नहीं मानता। डॉक्टर ने टिकटॉक पर बताया कि 20 साल की उम्र के एक युवक को एक ड्रग डील में शामिल होने के बाद दिल में छुरा घोंपा गया था। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टर्स उसे बचाने का पूरा प्रयास कर रहे थे। उसे ऑपरेशन थियेटर में ले जाया गया। वहां





उसका इलाज चल रहा था। 4 घंटे बाद जब उसे होश आया तो शख्स काफी डरा हुआ था। डॉक्टर ने बताया कि जब शख्स को होश आया तो उसने रोते हुए बताया कि वो सीधा नर्क में पहुंच गया था। युवक बुरी तरह से घबराया हुआ था और उसकी आंखों में खौफ था। उसका कहना था कि उसने शैतान को देखा, जो काफी डरावना था। घबराते हुए जब उसने भगवान से प्रार्थना की तो स्वर्ग के दूत उसे नर्क से बाहर निकालकर लाए। डॉक्टर का कहना था कि ये अनुभव अलग था क्योंकि नर्क को लेकर कोई बात नहीं करता और युवक की आंखों में डर भी था। हो सकता है कि शख्स ने शैतान का डर महसूस किया हो। इस घटना के बाद उस शख्स की जिंदगी पूरी तरह से बदल गई। उसने सभी गलत काम छोड़ दिए और अपना पूरा जीवन भगवान के लिए समर्पित कर दिया। बता दें कि यह पहली बार नहीं है जब किसी ने इस तरह का दावा किया हो। इससे पहले भी कई लोगों ने इस बारे में बताया है कि उन्हें धरती से निकलकर किसी और दुनिया में जाने का अनुभव हुआ था।

# बोरे की तरह पीठ पर लाद लिया मगरमच्छ, फिर की चहलकदमी



सोशल मीडिया पर मगरमच्छ से जुड़े अक्सर ही आपने बहुत से वीडियो देखे होंगे। जिससे इतना तो समझ में आ गया होगा कि मगरमच्छ कितना खूंखार और खतरनाक जानवर होता है अपने मजबूत और विशाल जबड़ों में एक बार किसी को जकड़ लें, तो छुड़ाना मुश्किल होता है। उसे अपने करीब देख थर थर कांपते है लोग। लेकिन एक बच्चे की दिलेरी देखकर आप सन्न रह जाएंगे, जो मगरमच्छ को देखकर भागने की बजाय उसे पीठ पर लादकर घूमता दिखाई दिया। एक वीडियो में छोटा सा बच्चा अपनी पीठ पर मगरमच्छ को लादकर घूमता दिखाई दिया। इस दौरान बच्चे का अंदाज कुछ ऐसा था मानो पीठ पर स्कूल का बैग टांगकर घूम रहा हो। ना डर, ना घबराहट बिल्कुल बिंदास था बच्चा आप भी देखिए वीडियो। सोशल मीडिया पर एक बच्चे का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है जिसे मगरमच्छ के साथ इतना बेफिक्र देखकर लोग हैरान भी थे और उनके रोंगटे भी खड़े हो रहे थे। जिस मगरमच्छ को देखते ही लोगों की सांसे फूलने लगती है, उसे बच्चे ने अपनी पीठ पर दोनों हाथों से पकड़कर टांग रखा था। वीडियो देखकर आप बखूबी समझ सकते हैं कि वो मगरमच्छ ना तो बेहोश था ना मरा हुआ और न ही कोई खिलौना बल्कि वो पानी में रहने वाला जीता जागता शिकारी था जो शेर का शिकार भी आसानी से कर लेता है। कहते हैं कि जानवर बच्चों के साथ खतरनाक रवैया नहीं अपनाते और वीडियो में तो दोनों के दोनों बच्चे ही है शायद इसलिए वे एक दूसरे को कोई नुकसान नहीं पहुंचा रहे हैं। कई यूजर्स ने वीडियो पर लिखा कि बच्चा इस मगरमच्छ को डिनर की तैयारी के लिए ले जा रहा है तो कुछ ने मज़ाकिया अंदाज में लिखा कि शायद ये घड़ियाल बच्चे से कह रहा होगा की प्लीज़ मुझे छोड़ दो मुझे पानी में जाना है हम बाद में खेलेंगे। वीडियो में लोग बच्चे की हिम्मत की देखकर बेहद हैरान हो रहे हैं।

# मेघचंद्र को ईडी के समन से कांग्रेस बिफरी

## मणिपुर के कांग्रेस अध्यक्ष के पक्ष में उतरी पार्टी

### » कांग्रेस का भाजपा पर प्रहार, बोली- जो डरते हैं वो डराते हैं

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

इंफाल। मणिपुर प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एमपीसीसी) के अध्यक्ष कीशम मेघचंद्र सिंह को मनी लॉन्ड्रिंग से संबंधित एक मामले में पेश होने के लिए प्रवर्तन निदेशालय से समन मिला है। मेघचंद्र के वकील, मणिपुर उच्च न्यायालय के वकील और एआईसीसी के कार्यकारी सदस्य, कानून विभाग, निंगोम्बम बुपेंडा मैतेई ने बताया कि चूंकि उन्हें आज (7 अक्टूबर) समन प्राप्त हुआ है और देखा है कि उन्हें उसी दिन नई दिल्ली में व्यक्तिगत रूप से पेश होने के लिए कहा गया है। उसके लिए ऐसा करना असंभव है।

यह समन विभाग में सहायक निदेशक अमित कुमार द्वारा जारी किया गया था। और इसमें कहा गया है कि मैं उपर्युक्त/कथित मामले में पीएमएलए, 2002 के तहत जांच या कार्यवाही के संबंध में साक्ष्य देने और रिकॉर्ड पेश करने के लिए एल केसलियाम कुल्लाबिधु सिंह के पुत्र कीशम मेघचंद्र सिंह की व्यक्तिगत उपस्थिति को आवश्यक मानता हूं। इसलिए, अब, पीएमएलए, 2002 की धारा 50 की उपधारा (2) और उपधारा (3) के तहत मुझे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग कर रहा हूं। मैं चाहता हूं कि केशम मेघचंद्र सिंह 07/10/2024 को सुबह 10:30 बजे बताए गए पते पर मेरे कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से मेरे सामने उपस्थित होकर सबूत दें और पीएमएलए के तहत जांच या कार्यवाही के संबंध में अनुबंध में बताए अनुसार रिकॉर्ड पेश करें।



### सीएम विकास कार्य में राजनैतिक द्वेषता कर रहेः बेनीवाल



नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को ट्वीट के जरिए निशाना साधते हुए कहा कि विकास कार्यों को राजनैतिक द्वेषता के चलते रोका जा रहा है। जो लोकतांत्रिक भावना के खिलाफ है। बेनीवाल ने 28 सितंबर 2024 को हुई जिला विद्युत समिति नागौर की बैठक का जिक्र करते हुए कहा कि जहां विद्युत लोड अधिक है, वहां निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर लगाने, सौभाग्य योजना में चयनित ढाणियों से 45,000 रुपये के राइडर शुल्क को हटाने और बिजली से वंचित ढाणियों में विद्युतीकरण करने की मांग भी की गई थी। इसके साथ ही विद्युत दुर्घटनाओं में हुई मौतों के पीड़ितों को सरकारी आर्थिक सहायता देने और आबादी के ऊपर से गुजरने वाली हाईटेंशन लाइनों को अन्यत्र स्थानांतरित करने जैसे सुधारात्मक कदम उठाने का प्रस्ताव भी भेजा गया था।

### चार शब्दों से भाजपा में हड़कंप क्योंः श्रीनेत



**जयपुर।** कांग्रेस की सोशल मीडिया प्रमुख सुप्रिया श्रीनेत ने कुछ दिन पहले किए अपने राजस्थान, रशियन संबंधी चर्चित ट्वीट को लेकर भाजपा पर फिर हमला बोला है। सोमवार को जयपुर में पत्रकारों ने जब श्रीनेत से ट्वीट के बारे में सवाल किया तो उन्होंने कहा, मैंने किसी का नाम नहीं लिया, फिर भाजपा कौन सा उड़ता तीर पकड़ रही है? मुझे नहीं पता चार शब्दों से भाजपा में क्यों हड़कंप मच गया। ये चोर की ढाढ़ी में तिनका नहीं लगता? जब श्रीनेत से उनके ट्वीट को लेकर पूछा गया कि उन्होंने वह किसके लिये लिखा तो सुप्रिया कहा कि रशिया, यूक्रेन युद्ध चल रहा है। मैं दिल्ली में रोजाना ऑफिस जाते वक्त ली मेरेडियन होटल देखती हूं। इसलिए मन में आ गया और मैंने लिख दिया। इसे खोजें और बड़ी कहानी मिल सकती है। मैंने जब किसी पर आरोप नहीं लगाया तो भाजपा किसे क्लीन चिट दे रही है। गौरतलब है कि सुप्रिया के ट्वीट के बाद भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने इसे छवि खराब करने की कोशिश बताया था।

### यह प्रतिशोध, उत्पीड़न और बदले की राजनीति : जयराम



कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने एक्स पर लिखा कि विधायक और मणिपुर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के. मेघचंद्र सिंह लगातार निर्भीक और आक्रामक तरीके से प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृह मंत्री, मणिपुर के मुख्यमंत्री और भाजपा के खिलाफ बोल रहे हैं और उनके तौर-तरीकों को उजागर कर रहे हैं। मई 2023 से मणिपुर को तबाह कर दिया। उन्होंने कहा कि आज उन्हें ईडी से समन मिला है। यह प्रतिशोध, उत्पीड़न और बदले की राजनीति के अलावा और कुछ नहीं है। यह कार्रवाई राज्य में केंद्र सरकार की भारी विफलताओं को छुपाने के लिए है- यह श्री नरेंद्र मोदी के राज्य का दौरा करने से इनकार करने में परिलक्षित होता है क्योंकि 17 महीने पहले विस्फोट हुआ था। जो डरते हैं वो डराते हैं। कांग्रेस कभी चुप नहीं बैठेगी।

### मदन राठौड़ और किरोड़ीलाल ने किया था बचाव

दरअसल, सोशल मीडिया पर चल रही चर्चा और डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा को टारगेट करने पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने बचाव करते हुए कहा था कि उनके बारे में अफवाहें फैलाकर कुछ लोग राजनीति को दूषित कर रहे हैं। दिल्ली के होटल में रशियन महिला विवाद में फैल रही चर्चाओं के सवाल पर मदन राठौड़ ने कहा था, इसमें बीजेपी का कोई नेता नहीं है। न किसी का लेना देना है। केवल चरित्र हनन का काम किया जा रहा है।

# स्केटर्स का करतब देखकर लोग स्तब्ध

### » सीबीएसई ईस्ट जोन स्केटिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। सीबीएसई ईस्ट जोन स्केटिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ लखनऊ पब्लिक स्कूल, सेक्टर 9 वृंदावन योजना शाखा के प्रांगण में धूमधाम से हुआ। यह कार्यक्रम 7 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक चौक स्टेडियम में चलेगा। इस तीन दिवसीय भव्य आयोजन में 5 आयु वर्गों की लगभग 200 टीमें और लगभग 800 प्रतिभागी 70 स्पर्धाओं में भाग लेंगे। उद्घाटन समारोह की शुरुआत मेजबान शाखा की प्रिंसिपल और आयोजन समिति की सचिव डॉ. रूपाली पटेल के स्वागत भाषण से हुई। इसके बाद दर्शकों ने मंत्रमुग्ध कर देने वाले स्वागत गीत, ऊर्जावान नृत्य प्रदर्शन और स्केटिंग ड्रिल प्रदर्शन का आनंद लिया।

इस रोमांचक प्रतियोगिता का शुभारंभ भी बहुत ही रोमांचक रहा। औपचारिक ध्वजारोहण के साथ प्रतियोगिता का आधिकारिक शुभारंभ मुख्य अतिथि



कोषाध्यक्ष, भारतीय ओलंपिक संघ और महासचिव, यूपी ओलंपिक संघ आनंदेश्वर पांडे द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक, लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एंड कॉलेजेस सुशील कुमार, निदेशक, इनोवेशन एंड एकेडमिक्स नेहा सिंह, विद्यालय के मुख्य निरीक्षक वी.के. शर्मा, संजय प्रताप सिंह, मीडिया प्रमुख विजय मिश्रा और शहर के प्रसिद्ध सीबीएसई स्कूलों के प्रधानाचार्यों सहित अन्य सम्मानित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# पूर्व मंत्री राजा पटेरिया को मिली राहत, दोष मुक्त

### » पीएम मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में एमपी एमएलए कोर्ट का फैसला

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

दमोह। मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजा पटेरिया द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी किए जाने के मामले में एमपी एमएलए कोर्ट ग्वालियर के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश धीरज सिंह परिहार द्वारा निर्णय करते हुए उन्हें दोष मुक्त कर दिया गया है। बता दें इस मामले में पूर्व मंत्री राजा पटेरिया 2 महीने 18 दिन तक जेल में रहे थे।

11 दिसंबर 2022 को पन्ना जिले के पवई में लोक निर्माण विभाग के रेस्ट हाउस में कांग्रेस की एक बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें पूर्व मंत्री राजा पटेरिया के द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हत्या की बात कही थी तथा अन्य आपत्तिजनक शब्दों का उल्लेख किया था। जिस पर 12 दिसंबर को पवई में उनके विरुद्ध मामला दर्ज किया गया था।

# विजेथुआ महोत्सवः आस्था और विश्वास का दिव्य व भव्य समागम

### » दक्षिणमुखी हनुमान जी की मूर्ति है विराजमान

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

सुल्तानपुर। सुल्तानपुर जिला मुख्यालय से 48 किमी. पूरब छोर पर स्थित जौनपुर सीमा से सटे कालिनेमि वधस्थली विजेथुआ धाम पुराणों में वर्णित है। यहां दक्षिणमुखी हनुमान जी की भव्य मूर्ति विराजमान है। मान्यता है कि हनुमान जी का एक पैर पाताल लोक तक गया है जिसका आंकलन नहीं किया जा सका है। प्रत्येक माह के शनिवार तथा मंगलवार को लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ देश भर के कोने कोने से आती है और अपनी मुरादें अपने ईष्ट देव से मांगती है।

हर वर्ष हनुमान जन्मोत्सव पर नामी गिरामी संतो, राजनैतिक दिग्गजों के साथ ही सिनेस्टारों का जमावड़ा लगता है। पिछले साल जगद्गुरु रामभद्राचार्य के आने से भक्तों की संख्या मे काफी इजाफा हुआ था। लाखों की संख्या मे



श्रद्धालु कार्यक्रम मे पहुंचते हैं। हनुमान जयंती पर धाम में पहुंच दीपक जलाने वाले लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने से प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रहता है, यहां हुड़दंग या अराजकता नहीं फैलती, क्योंकि कलेक्टर ने सख्त निर्देश जारी कर फोर्स की व्यवस्था कर महोत्सव को सफल बनाने में मुख्य भूमिका निभाते हैं।

# नाली बनाने में हुआ भ्रष्टाचार, नगर निगम मौन

### » अवैध कब्जे से भी जनता परेशान

### » जनेश्वर बिहार कॉलोनी का है मामला

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। जनेश्वर बिहार कॉलोनी कल्याणपुर पश्चिम शंकरपुरवा सेकेंड के निवासियों ने नगर निगम के निगम जेई शिल्पी सिंह व पार्षद शिवम उपाध्याय के पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। क्षेत्र वासियों ने कार्यवाही हेतु आला अधिकारियों को कई बार सूचित किया लेकिन कार्यवाही की जगह पर उनको केवल आश्वासन ही मिला।



**नाली बनी नहीं, पेमेंट हो गया**

यह नाली पार्षद निधि द्वारा बनी। जिसमें मामला बी 51 मकान का है जिन्होंने अतिक्रमण कर रखा है। वहां नाली का निर्माण पूरा हुआ नहीं और फाइल पास हो गई और ठेकेदार को पेमेंट भी हो गया। जिसमें पार्षद की मिली भगत है साथ ही नगर निगम जेई शिल्पी सिंह की मिली भगत बताई जा रही है। दोनों लोगों ने ठेकेदार से पैसा लेकर पेमेंट पास करवा दिया। बाकी नाली का निर्माण हुआ ही नहीं आधा अधूरा हुआ है। निर्माण में बहुत घटिया मटेरियल इस्तेमाल हुआ है।

### रक्षामंत्री तक से की क्षेत्रवासियों ने शिकायत

जिस पर क्षेत्र वासियों ने आईजीआरएस के माध्यम से इसकी शिकायत की थी। जिस पर करीब एक महीने बाद सूचना आई कि आप अपनी तहरीर लिखित में जिलाधिकारी महोदय को दीजिए। तथा क्षेत्रवासियों ने इसकी शिकायत सांसद राजनाथ सिंह को लिखित में दी। जिस पर संज्ञान लेते हुए तहरीर को नगर आयुक्त के वहां भिजवाया । तब से लेकर आज तक करीब 4 महीने हो रहे हैं कोई संज्ञान नहीं है और न ही अभी तक कोई जिम्मेदार वहां झांकने तक नहीं गया है जबकि शिकायतकर्ता बीजेपी में ही पदाधिकारी हैं।



# बिहार में तेजस्वी के बंगले को लेकर गरमाई सियासत

## एसी-टोंटी गायब होने पर राजद व भाजपा में तकरार

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



पटना। बिहार में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव दिल्ली में जमानत मिलने, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार गिराने के लिए विधायकों की खरीद-फरोख्त करने के साथ ही एक और कारण से चर्चा में आ गए। भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता दानिश इकबाल ने आरोप लगाया कि उप मुख्यमंत्री के रूप में तेजस्वी यादव को 5 देशरत्न मार्ग का जो बंगला आवंटित किया गया था, उससे निकलते समय वह सोफा-कुर्सी, एसी और यहां तक कि नल की टोंटी तक उखाड़ ले गए।

भाजपा के किसी बड़े नेता ने इस मुद्दे को नहीं उठाया, यहां तक कि यह बंगला आवंटन पाने वाले भाजपाई उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भी इस बारे में बात नहीं की। इधर, राष्ट्रीय जनता दल ने दानिश इकबाल का नाम लेकर कहा कि वह किस हैसियत से यह सवाल पूछ रहे हैं? उन्हें पहले सरकार के विभाग से पुष्टि करनी चाहिए थी, क्योंकि अब आवंटन होने के बाद आवासन के पहले और छोड़ते समय सामान का मिलान किया जाता है। वीडियोग्राफी भी कराई जाती है।

### लालू और केजरीवाल केवल जमानत मिलने पर ही खुश हो जाते हैं : दिलीप जायसवाल



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व भूमि सुधार एवं राजस्व मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने लालू परिवार और दिल्ली के सीएम पर हमला बोला है। लालू यादव एवं उनके परिवार को दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट द्वारा दिये गए जमानत पर कहा कि लालू यादव, अरविंद केजरीवाल एवं तेजस्वी यादव सिर्फ जमानत मिलने पर ही खुश हो जाते हैं। जमानत मिलने का मतलब मामले से रफा-दफा होना नहीं होता है। दरअसल, मंत्री दिलीप जायसवाल सोमवार को दरभंगा के ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय में एक कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। मीडिया से बात करते कहा जब किसी आरोपी को जमानत दी जाती हैं उन्हें अपना पक्ष अदालत में रखने का मौका मिलता है जमानत मिली है। अभी वे लोग आरोपी है लेकिन लालू यादव, तेजस्वी यादव और केजरीवाल जैसे लोग जमानत मिलने से ही खुश हो जाते है लेकिन मैं आपको इतना कहता हूं कि कोई भी गलत करने वाला अब बचने वाला नहीं है। जांच एजेंसी पर तेजस्वी यादव सवाल उठाते हैं तो क्या अदालत भी एजेंसी में आती है क्या? बताए अदालत जांच एजेंसी में नहीं आती है? इन लोगों को न्यायालय में आस्था रख वहां अपना पक्ष रखना चाहिए।

### जिस स्थिति में मिला घर उसी तरह लौटाया : चितरंजन



राजद प्रवक्ता चितरंजन गगन ने भाजपा नेता दानिश इकबाल के बयान पर तीखी प्रतिक्रि या व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा नेताओं का बुनियाद हीं प्रोपगंडा और प्रपंच पर टिका हुआ है। झूठ बोलना और विपक्षी दलों के नेताओं के बारे में दुष्प्रचार कर चरित्र हनन करना ही इनका संस्कार है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि दो दिन पहले हीं 5 देशरत्न मार्ग वाले आवास को भवन निर्माण एवं आवास विभाग को सौंप दिया गया है। सबका बजाप्ता विडियो रिकॉर्डिंग भी है। उक्त आवास किस स्थिति में तेजस्वी यादव को आवंटित किया गया था और किस स्थिति में उसे विभाग को लौटाया गया है इसके सारे रिकॉर्ड भवन निर्माण एवं आवास विभाग के पास है।

# बहुजनों के अधिकारों व संविधान की रक्षा हमारी प्राथमिकता : राहुल गांधी

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

कोल्हापुर। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र के कोल्हापुर में एक दलित परिवार के साथ बातचीत के दौरान संविधान की रक्षा और बहुजनों के अधिकारों की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। अपने सोशल मीडिया हैंडल पर साझा किए गए एक वीडियो में, राहुल ने इस बात पर जोर दिया कि सच्चा समावेश और समानता तभी साकार होगी जब हर भारतीय भाईचारे की भावना को अपनाएगा।

वीडियो में राहुल गांधी की अजय तुकाराम सनाडे और अंजना तुकाराम सनाडे के घर की यात्रा को कैद किया गया है, जहां उन्होंने पारंपरिक दलित भोजन पकाने में भाग लिया। राहुल ने वीडियो साक्षा करते हुए कहा कि दलित किचन के बारे में आज भी बहुत कम लोग जानते हैं। जैसा शाहू पटोले जी ने कहा, दलित क्या खाते हैं, कोई नहीं जानता। वो क्या खाते हैं, कैसे पकाते हैं, और इसका सामाजिक और राजनीतिक महत्व क्या है, इस जिज्ञासा के साथ, मैंने अजय तुकाराम सनदे जी और अंजना तुकाराम सनदे जी के साथ एक दोपहर बिताई। उन्होंने कोल्हापुर, महाराष्ट्र में मुझे अपने घर सम्मान के साथ बुलाकर रसोई में हाथ बंटाने का मौका दिया। हमने मिलकर चने के साग की सब्ज़ी हरभरयाची भाजी और बैंगन के साथ तुवर दाल बनाई। उन्होंने आगे लिखा कि पटोले जी और सनदे परिवार के जाति और भेदभाव के निजी अनुभवों पर बात करते हुए, हमने दलित खानपान के प्रति जागरूकता की कमी और इस संस्कृति के प्रलेखन के महत्व पर चर्चा की। राहुल ने कहा कि बहुजनों को हिस्सेदारी और अधिकार संविधान देता है, और उस संविधान की रक्षा हम करेंगे। लेकिन समाज में सभी की सच्ची समावेशिता और समानता तभी संभव होगी जब हर एक भारतीय दिल में भाईचारे की भावना के साथ प्रयास करे।


### » महाराष्ट्र में दलित के घर पहुंचे राहुल गांधी, मिलकर बनाया खाना



### दलित किचन ऑफ मराठवाड़ा पर भी की चर्चा

बातचीत के दौरान मौजूद साहू पटोले ने राहुल को अपनी किताब दलित किचन ऑफ मराठवाड़ा के बारे में बताया, जिसका अंग्रेजी में अनुवाद किया गया है। पुस्तक का उद्देश्य दलितों द्वारा खाए जाने वाले खाद्य पदार्थों को दृश्यता प्रदान करना है, जो काफी हद तक कई लोगों के लिए अज्ञात हैं।

# सीतापुर रोड पर गोदरेज गोदाम में लगी भीषण आग



फोटो: सुमित कुमार





4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। लखनऊ के सीतापुर रोड पर छठा मील के पास गोदरेज के गोदाम में सुबह करीब 4:30 के आसपास आग लग गई। गोदाम के ऊपर से काला धुंआ देखने के बाद स्थानीय लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर सात गाड़ियां मौजूद हैं। आग बुझाने के लिए हाइड्रोलिक गाड़ी को भी बुलाया गया है। सुबह साढ़े सात बजे तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका था। गोदरेज के गोदाम के बगल में मारुति सुजुकी सर्विस सेंटर भी बना हुआ है जिसको खाली कराया जा रहा है। आंख की लपटे वहां तक पहुंचाने का खतरा बना हुआ है। मौके पर फायर ब्रिगेड के अलावा पुलिस भी पहुंच चुकी है। अब तक किसी जनहानि होने की खबर नहीं मिली है।

### » मौके पर पहुंचीं फायर ब्रिगेड की सात गाड़िया



# मणिपुर में हथियारों का जखीरा बरामद

## सेना-सुरक्षा बलों की छापेमारी, सरकार ने कहा- अब जख्मों को भरने का समय है

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

इंफाल। भारतीय सेना, असम राइफल्स, मणिपुर पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों द्वारा 4 से 6 अक्टूबर तक मणिपुर के कई जिलों में चलाए गए संयुक्त अभियान के दौरान हथियारों और गोला-बारूद का एक बड़ा जखीरा जब्त किया गया। चूराचांदपुर, काकचिंग और थौबल जिलों में गोला-बारूद और युद्ध संबंधी सामान समेत कुल 18 हथियार बरामद किए गए।



4 अक्टूबर को असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस ने चुराचांदपुर में एक अभियान चलाया, जिसमें एक 9 एमएम पिस्तौल, पांच सिंगल बैरल राइफल और पांच इम्प्रोवाइज्ड भारी मोर्टार बरामद किए गए। अगले दिन खुफिया जानकारी के आधार पर काकचिंग जिले में एक संयुक्त अभियान में तीन कार्बाइन मशीन गन, एक 9 एमएम पिस्तौल, दो सिंगल बैरल राइफल, हैंड ग्रेनेड और युद्ध के सामान बरामद किए गए। मणिपुर के काकचिंग और थौबल जिलों में सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान के दौरान हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक का जखीरा जब्त किया है। सोमवार को पुलिस ने एक बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया है कि सुरक्षा बलों ने पांच अक्टूबर को काकचिंग जिले के वबागई नतेखोंग तुरेनमेई इलाके में तलाशी अभियान के दौरान मैगजीन के साथ तीन कार्बाइन, एक एयर गन राइफल और नौ मिमी की पिस्तौल, दो सिंगल बैरल बंदूकें, 14 ग्रेनेड, एक 51 मिमी का मोर्टार, दो एमके-तृतीय ग्रेनेड, 4.755 किलोग्राम विस्फोटक आईईडी का एक संदिग्ध कंटेनर जब्त किया। वही दूसरी करफ सरकार ने मणिपुर के ताजा हालातों के बारे में बयान जारी किया है। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने कहा कि हिंसा प्रभावित लोग अपने मूल स्थानों को लौटने लगे हैं और अब एक-दूसरे पर दोषारोपण करने के बजाय जख्मों को भरने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए।




स्वामी 4 पीएम न्यूज नेटवर्क्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **संजय शर्मा** द्वारा आस्था प्रिंटर्स, 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 (यूपी) से मुद्रित एवं 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 (यूपी) से प्रकाशित। **महाराष्ट्र कार्यालय**:- 2 जी, कृष्णा कुटीर सागरिका CHS जुहू तारा रोड जुहू- मुंबई- 400049। **संपादक** - संजय शर्मा, **विधि सलाहकार**: सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, मोहम्मद हैदर, **वित्तीय सलाहकार**: संदीप बंसल, **कार्टूनिस्ट**: हसन जैदी, **दूरभाष**: 0522- 4078371 | **Email**: daily4pm@gmail.com | **website:** www.4pm.co.in | **RNI-UPHIN/2015/62233 डाक पंजी. सं- SSP/LW/NP-495/2018-2020** *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।